ISSN 0976 - 8300

विश्व आयुर्वेद परिषद्

पत्रिका

वर्ष-9, अंक-11-12 विक्रम संवत् 2069 मार्गशीर्ष-पौष नवम्बर-दिसम्बर 2012

कंटकारी

Journal of Vishwa Ayurved Parishad

हेमन्त ऋतु

विभिन्न प्रान्तों में कार्यक्रमों की स्मृतियां

ISSN 0976 - 8300

विश्व आयुर्वेद परिषद् पत्रिका
Journal of Vishwa Ayurved Parishad

वर्ष- 9, अंक- 11-12 मार्गशीर्ष-पौष नवम्बर-दिसम्बर 2012

संरक्षक
- डॉ0 रमन सिंह (मुख्य मंत्री, छत्तीसगढ़)
- प्रो0 योगेश चन्द्र मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रधान सम्पादक
- प्रो0 सत्येन्द्र प्रसाद मिश्र

सम्पादक
- डॉ0 कमलेश कुमार द्विवेदी

सम्पादक मण्डल
- डॉ0 पुनीत कुमार मिश्र
- डॉ0 अजय कुमार पाण्डेय
- डॉ0 विजय कुमार राय
- डॉ0 संजय कुमार त्रिपाठी

अक्षर संयोजन
- प्रशान्तो चटर्जी

प्रबन्ध सम्पादक
- जितेन्द्र अग्रवाल

पत्र व्यवहार एवं सम्पादकीय कार्यालय
विश्व आयुर्वेद परिषद् पत्रिका
1/231, विरामखण्ड,
गोमतीनगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0)
चल दूरभाष– 9415003111
email :
vapjournal@rediffmail.com
dwivedikk@rediffmail.com

सम्पादक मण्डल के सभी सदस्य मानद एवं अवैतनिक है। पत्रिका के लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के हैं। सम्पादक अथवा प्रकाशक का उससे सहमत होना आवश्यक नहीं है। आपके सुझावों का सदा स्वागत है।

1.	**Editorial**		2
2.	सन्निपातज ज्वर–नैदानिक तथा चिकित्सा दृष्टिकोणात्मक विश्लेषण	डॉ0 प्रदीप शिवराम पवार डॉ0 अशित कुमार पांजा प्रो0 ओम प्रकाश उपाध्याय	3
3.	**Therapeutic Uses of Mandura Bhasma (A Critical Review)**	**Dr. Sachin Mulik Dr Rekha Chaturvedi Prof. C.B. Jha**	10
4.	**"Post Operative Pain Management in Fistula in Ano-An Ayurvedic Approach**	**Dr. Siddaram Arawatti Dr. Yogesh Pande Dr. Murthy Seema Dr. M.K. Shringi Dr. Y.P. Shyamarao**	14
5.	अहिपूतना – एक शैशवीय व्याधि	डॉ0 कर्म सिंह डॉ0 भावना वर्मा	19
6.	जन्मजात विकलांगता : कारण एवं निवारण – एक आयुर्वेदीय दृष्टिकोण	डॉ0 विपिन कुमार डॉ0 श्रवण सिंह चारण डॉ0 अरविन्द कुमार गुप्ता डॉ0 केदार लाल मीणा	24
7.	**Brihatidwya? Vis A Vis Mooladwya or Phaladwya? An attempt closer to Elucidation**	**Pravin R. Joshi B.R. Patel Harisha C.R. Anita P. Joshi**	29
8.	**A Review on Anti Obesity & Anti Hyper Lipidemic Activity of Ayurvedic Classical Drugs**	**Dr. Manjunatha T. Sasanoor Dr. Prasanna N. Mogasale Dr. Nagaraj S. Dr. Prabhuraj D. Baluragi Dr. Baldev Kumar**	42
9.	डॉ0 गंगा सहाय पाण्डेय स्मृति अखिल भारतीय स्नातक आयुर्वेद छात्र निबन्ध प्रतियोगिता–2012 तृतीय पुरस्कार कांस्य पदक विजेता निबन्ध आयुवेदीय स्नातक शिक्षण की समस्याएँ एवं समाधान	डा0 सुमन शेखावत	51
10.	परिषद् समाचार		55

अतिथि सम्पादकीय



संसार के सभी अभीष्ट कार्यो (पुरूषार्थ चतुष्टय – धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) – की सिद्धि स्वस्थ शरीर और दीर्घ आयु से ही हो सकती है। अतः दीर्घायु और स्वास्थ्य की कामना करने वाले प्रत्येक मानव को आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त करना और उसके उपदेशों का पालन करना चाहिए। शरीर, इन्द्रियाँ, मन और चेतना धातु आत्मा, इन चारों के संयोग अर्थात जीवन को ही आयु और इस आयु सम्बन्धी समस्त ज्ञान को आयुर्वेद कहते हैं। यह आयुर्वेद अनादि है, क्योंकि सृष्टि के आरम्भ से ही जीवन और स्वास्थ्य रक्षार्थ वायु, जल, अन्न आदि पदार्थों तथा उनके समुचित प्रयोग की आवश्यकता की अनुभूति के साथ ही विविध साधनों एवं उपायों का अन्वेषण और उनका उपयोग भी प्रारम्भ हुआ। यद्यपि परिस्थितिजन्य उनमें अनेक परिवर्तन भी होते आये किन्तु देश, काल आदि भेद से किंचित न्यूनाधिक होते हुए भी द्रव्यों के गुणों या प्राणियों के स्वभाव में मौलिक अन्तर कदापि न हुए और न हो सकते हैं। इसी प्रकार स्वस्थातुर – परायण आयुर्वेद के सिद्धान्तों में मौलिक अन्तर तो कदापि नहीं हुए है देश काल परिस्थितिजन्म उन सिद्धान्तों के आधार पर प्रयुक्त द्रव्यों एवं साधनों में विविधता होना स्वाभाविक है।

आयुर्वेद हमारे देश की वह चिकित्सा पद्धति है, जो हमारे शारीरिक और मानसिक रूप से रूग्ण शरीर और मन को प्रकृति के संसर्ग से उत्पन्न जड़ी–बूटियों के द्वारा स्वस्थ करती है। यह चिकित्सा पद्धति प्रकृति के काफी करीब है। प्रकृति द्वारा इस धरती पर अमूल्य जड़ी–बूटियाँ उपलब्ध करायी गयी है। हम उनका शोधन कर आयुर्वेद विहित विधियों से औषधियों का निर्माणकर रोगियों को सेवन के लिए उपलब्ध कराते हैं। औषधि चयन, निर्माण विधि आसन्न उपचार के प्रमुख स्तम्भ है।

मेरा अपना मत है कि आयुर्वेद एक विलक्षण चिकित्सा विधि है जिनकी औषधियों द्वारा कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। पूरा विश्व आयुर्वेद की तरफ टकटकी लगा कर देख रहा है, क्योंकि महामारी का रूप ले रही कैंसर, एड्स, अस्थमा, गठिया, रक्तदोष, क्षयरोग आदि का उपचार अन्य चिकित्सा पद्धतियों में या तो नहीं के बराबर है और या तो है भी तो रोग का शमन कुछ अवधि के लिए होता है। लेकिन इन क्रानिक रोगों का इलाज आयुर्वेद में है और इन औषधियों द्वारा हम पूर्णतया रोग को समूल नष्ट कर सकते हैं। इस तथ्य को मैने अपनी चालीस वर्ष की सेवा अवधि में बड़ी नजदीक से देखा है।

आयुर्वेद औषधियां निरापद व साध्य है। आवश्यकता है आयुर्वेद के चिकित्सक अपनी देख–रेख में औषधियों का निर्माण करावें। इस विधा में आयुर्वेद फार्मेसियों की बहुत बड़ी जिम्मेदारियां हैं, वे रसौषधियों का निर्माण शास्त्रोक्त विधि से करें। मैंने अपने सेवाकाल में यह पाया कि यदि हम औषधियों का चुनाव व निर्माण अपनी देख–रेख में करें तो क्रानिक रोगों को भी अल्पावधि में ठीक किया जा सकता है। चिकित्सक आयुर्वेद औषधियों के साथ अंग्रेजी दवाओं के प्रयोग से बचे तभी इस चिकित्सा पद्धति के दवाओं का सही मूल्यांकन कर सकते हैं।

पैंक्रियेटाइटिस, स्पाइनलकेनालस्टेनोसिस, कैंसर जैसी व्याधियों एवं जीर्णश्वास रोग में जब रोगी पाश्चात्य औषधियों से परेशान होकर आयुर्वेद की शरण में आता है तो वह इस प्रत्याशा में आता है कि आयुर्वेद से उसे काफी लाभ होगा और मैंने अपने चिकित्सकीय कार्य में यह पाया भी है कि इस तरह के रोगी को विशेष लाभ मिलता है। उनमें से अधिक से अधिक रोगी लक्षण मुक्त हो गये।

आयुर्वेद को अपनाना हमारी आवश्यकता ही नहीं मजबूरी भी है, क्योंकि हमारे पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह सर्वसुलभ, सस्ती और सर्वकालिक चिकित्सा पद्धति है। जड़ी बूटियों से हम स्वास्थ्य लाभ ही नहीं धनार्जन भी कर सकते हैं, छोटे एवं सीमान्त कृषक जड़ी बूटी की खेती कर अपनी आय में सम्बर्धन भी कर सकते हैं। भारत सरकार को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए इसे राष्ट्र की चिकित्सा पद्धति घोषित करना चाहिए। तभी इसका समग्र रूप से विकास हो सकता है और हम सभी इससे सम्पूर्ण लाभ ले सकते हैं। और अन्त में इस कामना के साथ–

सर्वे भवन्ति सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुःख भाग भवेत।।

प्रो0 श्रीकान्त तिवारी
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
कायचिकित्सा विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ0प्र0)

सन्निपातज ज्वर-नैदानिक तथा चिकित्सा दृष्टिकोणात्मक विश्लेषण

• *डा0 प्रदीप शिवराम पवार, **डा0 अशित कुमार पांजा, ***प्रो0 ओम प्रकाश उपाध्याय

सारांश

दोषधातुमल शरीर के उपादानभूत हैं तथा शरीर के स्वास्थ्यानुवर्तन तथा विकारोत्पत्ति में भी ये ही उपादान कारण हैं। दोषधातुमलों में प्रायः तीन दोष ही विकार के कारणस्वरूप उपदिष्ट हैं। विकार उत्पत्ति में वात, पित्त, कफ इन दोषों की परस्पर (अन्योन्य) विशिष्ट संमूर्च्छना से विकारों के विशिष्ट भेदों की उत्पत्ति होती है। ज्वर देह–इन्द्रिय–मन तीनों आश्रयों को एक ही समय में पीड़ित करता है तथा समस्त रोगों में प्रथम प्रादुर्भूत होने के कारण समस्त व्याधियों में प्रधान है। सन्निपातज ज्वर यह ज्वर के वर्णित भेदों में एक प्रधान एवं चिकित्सात्मक दृष्टिकोण से क्लिष्ट व्याधि भेद है। सन्निपात अवस्था समस्त दुश्चिकित्स्य अवस्थाओं में श्रेष्ठ है। अतः समस्त विकारों में प्रधान ज्वर तथा विकार की समस्त अवस्थाओं में दुश्चिकित्स्य ऐसी सन्निपात अवस्था का नैदानिक एवं चिकित्सात्मक दृष्टिकोण से विशेद विवेचन करना परमावश्यक है।

संक्षिप्त शब्द– सन्निपात, ज्वर, समसन्निपात, विषमसन्निपात, आमाशय

प्रस्तावना– वात, पित्त, कफ का परस्पर विशिष्ट संयोग ही ज्वर तथा अन्य सर्व व्याधियों के भेदोत्पत्ति हेतु समवायी कारण है। ज्वर के दोषज भेद आठ होते हैं। वातज, पित्तज, कफज, सान्निपातज, वातपित्तज, वातकफज, पित्तकफज एवं आगन्तुज। चिकित्सास्थान में आचार्य चरक ने सन्निपातज ज्वर ऐसी संज्ञा प्रयुक्त कर उसके पुनः त्रयोदश भेद निर्दिष्ट कर उनके लक्षणों का वर्णन किया है। आर्ष ग्रन्थों में सन्निपातज तथा त्रिदोषज इन उपाधियों से दो विशेष संज्ञायें दृष्टिगोचर होती हैं। दोनों विशेष संज्ञाओं में यह साम्य है कि ये दोनों तीन दोषों के अन्योन्य संमूर्च्छना द्वारा ही उत्पन्न होती है। यदि इन दोनों के उत्पत्ति में तीन दोष ही कारण हैं तो इनका ग्रहण एक ही अवस्था के अन्तर्गत करें अथवा दोनों विशिष्ट अवस्थायें हैं! इस शंका का समाधान इस प्रकार से करना युक्ति एवं तर्कसंगत है जैसे की एक ही व्याधि के भेदवर्णन के प्रसंग में आचार्य ने त्रिदोषज एवं सन्निपातज ये दो अवस्थायें वर्णन की है। यदि ये दोनों एक ही अवस्था की दो विशिष्ट संज्ञायें होती तो आचार्य इसको पृथक् रुप से वर्णन न करते तथा एक ही अवस्था के रुपमें वर्णन करते। अतः सन्निपातज अवस्था तथा त्रिदोषज अवस्था ये दोनों पृथक् अवस्थायें हैं यह स्पष्ट हो जाता है। जैसे ज्वर प्रकरण में आचार्य सुश्रुत ने प्रथम सन्निपातज ज्वर के लक्षण वर्णन किये हैं जैसे– निद्रानाश, भ्रम, श्वास आदि। पश्चात त्रिदोषज ज्वर के लक्षण निर्दिष्ट किये हैं। इस वर्णन से यह स्पष्ट हो जाता है कि सन्निपातज एवं त्रिदोषज अवस्थायें पृथक् पृथक् हैं।

विषयप्रवेश

सन्निपात एवं त्रिदोषज अवस्थाओं में भेद–

माधवनिदान के आद्य एवं प्रामाणिक व्याख्याकार श्री विजयरक्षितजी द्वारा विवेचित विश्लेषण के आधार पर त्रिदोषज तथा सन्निपातज

*Dept. of Basic Principles, National Institute of Ayuurveda, Jaipur, Rajasthan
**Honorable Vice-Chancellor, Ravidas Ayurveda Vishwavidyalaya, Hoshiarpur, Panjab

अवस्थाओं का भेद सूर्य किरणों की भांति स्वच्छ एवं स्पष्टरुप से ज्ञात हो जाता है। इस प्रसंग का विश्लेषण निम्न सिद्धान्तद्वय के आधार पर सम्यक् रुपसे किया जा सकता है।

1. प्रकृतिसमसमवायारब्ध एवं विकृतिविष–मसमवायारब्ध
2. स्वतन्त्र एवं परतन्त्र दोषप्रकोप

1. प्रकृतिसमसमवायारब्ध एवं विकृतिविष–मसमवायारब्ध

अ) प्रकृतिसमसमवायारब्ध– रोग की प्रकृति अर्थात निदान अथवा हेतु अथवा कारण अथवा दोष के समान समवाय अथवा कार्यकारणभावसम्बन्ध का होना प्रकृतिसमसमवाय है। कारण के अनुरूप ही कार्य की उत्पत्ति होना जैसे– शुक्ल वर्णीय तन्तुओं के समवाय से निर्मित पट अर्थात वस्त्र का शुक्ल वर्ण का होना। चिकित्सकीय दृष्टिकोण से विचार करने पर ऐसा कहना तर्कसंगत है कि इस समवाय से निर्मित वयाधिरूप कार्य में उसके कारणानुरुप ही अर्थात दोषों के अनुरूप (समान) ही सर्व लक्षण दृष्टिगोचर होते हैं। उपर्युक्त वर्णित त्रिदोषज तथा सन्निपातज इन दो अवस्थाओं में त्रिदोषज अवस्था प्रायः प्रकृतिसमसमवाय से आरब्ध (निर्माण) होती है। आचार्य चरक द्वारा निदानस्थान में वर्णित व्याधि के लक्षण प्रायः प्रकृतिसमसमवायारब्ध है। जैसे– ज्वरनिदान में वर्णित वातज, कफज ज्वर प्रायः प्रकृतिसमसमवाय से आरब्ध है। इसी प्रकार निदानस्थान में वर्णित अन्य व्याधियों के भेद प्रसंग में ग्रहण करना चाहिये।

आ) विकृतिविषसमवायारब्ध– रोग की प्रकृति अर्थात निदान अथवा कारण अथवा हेतु अथवा दोष के विपरीत समवाय अथवा कार्यकारणभावसम्बन्ध का होना विकृतिविषसम–समवाय है। कारण के अनुरुप कार्य ही उत्पत्ति न होना अर्थात उत्पन्न कार्य का कारण के विपरीत होना जैसे– हरिद्रा एवं चूर्ण के संयोग से उत्पन्न लोहितवर्ण (रक्तवर्ण)। चिकित्सकीय दृष्टिकोण से विचार करने पर ऐसा स्पष्ट होता है कि इस प्रकार के समवाय से उत्पन्न व्याधिरूप कार्य में उसके कारणानुरुप अर्थात उसके आरम्भक दोष के अनुरुप सर्व लक्षण दृष्टिगोचर नहीं होते हैं किन्तु इनके अतिरिक्त अन्य लक्षण भी प्रकट होते हैं। जैसे– वातपैत्तिक ज्वर के लक्षणों में अरुचि एवं रोमहर्ष ये लक्षण, वातश्लैष्मिक ज्वर में स्वेद एवं सन्ताप तथा कफपैत्तिक ज्वर में अनवस्थितशीत आदि लक्षण तथा सन्निपातज ज्वर में सास्त्रकलुषादिनेत्रत्व–शिरोलोठनादि लक्षण दृष्टिगोचर होते हैं। जो कि इन निर्दिष्ट विशिष्ट ज्वरों के आरम्भक दोषों के गुणों के अनुरूप दृष्टिगोचर नहीं होते हैं। जैसे– यद्यपि वात, पित्त एवं कफ सन्निपातज ज्वर के आरम्भक दोष हैं किन्तु उत्पन्न कार्य में (ज्वर में) विचित्र लक्षणों की उत्पत्ति होती है जो कारणास्वरूप दोषों के अनुरुप नहीं है। जैसे सन्निपातज ज्वर में उत्पन्न होने वाले कलुषति नेत्र, शिरोलोठन, कर्णस्वन, मूकत्व आदि लक्षण इनके आरम्भक दोषों के अनुरूप दृष्टिगोचर नहीं होते हैं। अतः इन लक्षणों को विकृतिविषमसमवाय द्वारा आरब्ध कहना युक्ति एवं तर्कसंगत है। आचार्य चरक द्वारा चिकित्सा स्थान में वर्णित द्वन्द्वज एवं त्रयोदश सन्निपातज ज्वरों के लक्षण विकृतिविषसमवायारब्ध ही है। उपर्युक्त सिद्धान्त के आधार पर विजयरक्षितजी ने सन्निपातज एवं त्रिदोषज अवस्थाओं का विश्लेषण किया है।

2. स्वतन्त्र एवं परतन्त्र दोषप्रकोप– सन्निपात की संकल्पना का निवशेष रूप से ज्ञान करने हेतु स्वतन्त्र एवं परतन्त्र दोषप्रकोप यह विषय अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करता है। इस विषय का विवरण निम्न प्रकार से करना युक्तियुक्त है। दोषों का प्रकोप प्राधान्यतः स्वतन्त्र एवं परतन्त्र इन दो प्रकारों से ही होता है।

1) स्वतन्त्र दोषप्रकोप – स्वतन्त्र दोषप्रकोप में दोष स्वयं के उपदिष्ट हेतुओं के अभ्यवहरण से प्रकुपित होते हैं एवं उनकी निर्दिष्ट चिकित्सा के प्रयोग द्वारा प्रशमित भी होते हैं तथा व्यक्तलक्षणवान होते हैं अर्थात् सम्पूर्ण वर्णित लक्षण प्रकट होते हैं। जैसे– यदि स्वतन्त्र वातप्रकोप होता है तो वह उसके विशिष्ट वातप्रकोपक हेतुओं जैसे रुक्ष, लघु, शीत आदि के सेवन द्वारा प्रकुपित होता है एवं उसकी निर्दिष्ट चिकित्सा जैसे– स्नेहन, स्वेदन, मृदुविरेचन आदि के प्रयोग द्वारा प्रशमित होता है तथा स्वयं के हेतुओं से प्रकुपित होने के कारण अधिक बलवान होता है परिणामतः सम्पूर्णरूपसे व्यक्तलक्षणवाला भी होता है। स्वतन्त्र दोषप्रकोप प्रायः उस विशिष्ट दोष के प्रकोपकाल में व्याधिलक्षण निर्माण करता है, जैसे– स्वतन्त्र प्रकुपित वात वर्षा ऋतु में, स्वतन्त्र रूप से प्रकुपित पित्त शरद ऋतु में एवं स्वतन्त्र रूप से प्रकुपित श्लेष्मा वसन्त ऋतु में व्याधि उत्पन्न करता है।

उदाहरण– स्वतन्त्र दोषप्रकोप के उदाहरण के रूप में आचार्य चरक द्वारा निदानस्थान में वर्णित व्याधियों के दोषज प्रकारों का ग्रहण करना शास्त्र एवं तर्कसंगत दृष्टिगोचर होता है। जैसे– ज्वरनिदान में उपदिष्ट दोषज ज्वरों के वर्णन में पृथक् पृथक् वातजादि ज्वर भेद स्वतन्त्र दोषप्रकोप से ही आरब्ध है। वातजादि ज्वरों के स्वतन्त्र हेतु उपदिष्ट है तथा स्वतन्त्र सम्प्राप्ति वर्णित है, स्वतन्त्र लक्षण एवं स्वतन्त्र चिकित्सा भी वर्णित है। अतः आचार्य चरकद्वारा निदान में वर्णित व्याधियों के पृथक् दोषज भेद स्वतन्त्र दोषप्रकोप द्वारा आरब्ध है।

2) परतन्त्र दोषप्रकोप– यदि दोष उनके उपदिष्ट हेतुओं के अतिरिक्त हेतुओं से प्रकुपित होते हैं, उनकी वर्णित चिकित्सा से अतिरिक्त अन्य चिकित्सोपक्रमों से प्रशमित होते हैं एवं अन्य दोष के द्वारा प्रकुपित होने के कारण अल्पबल होते हैं अतः सम्पूर्ण लक्षणों से युक्त नहीं होते हैं। इस अवस्था को परतन्त्र दोषप्रकोप की संज्ञा से ग्रहण करते हैं। जैसे– यदि पित्तदोष उसके वर्णित तीक्ष्ण उष्ण हेतुओं से अतिरिक्त अन्य हेतुओं से प्रकुपित होता है, उसकी वर्णित सर्पिपान, स्वादु–तिक्त–कषाय, विरेचनादि चिकित्सा से अतिरिक्त अन्य उपक्रम से प्रशमित हो जाता है तथा सम्पूर्णलक्षणवान् नहीं दृष्टिगोचर होता है तो उसका परतन्त्र अर्थात् अन्य दोष के अधीन प्रकोप हुआ हैं ऐसा ग्रहण करना युक्तियुक्त है।

उदाहरण– परतन्त्र दोषप्रकोप के भी बहुत सारे उदाहरण प्राप्त होते हैं। विस्तारभय के कारण इस परिप्रेक्ष्य में एक उदाहरण पर विचार करना संयुक्तिक है। आचार्य चरक ने ग्रहणीदोषचिकित्सा अध्याय में अन्नविष निर्माण की सम्प्राप्ति वर्णन की है। अभोजन, अजीर्णाशन, विषमाशन आदि हेतुओं के सेवन से अग्नि की दुष्टि होती है एवं वह अग्नि लघु अन्न का भी पाक करने में असमर्थ होती हुई अन्नविष का निर्माण करती है। वह अन्नविष यदि पित्त के साथ संसृष्ट होता है तो दाह–तृष्णा–अम्लपित्त आदि पित्तज व्याधियों को तथा कफ के साथ संसृष्ट होने पर

राजयक्ष्मा–पीनस–मेहादी कफज व्याधियों को उत्पन्न करती है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में दोषों का प्रकोप उनके स्वहेतुओं के द्वारा नहीं बल्कि अन्य हेतुओं से हो रहा है, इन व्याधियों का प्रशम भी केवल प्रकुपित दोषोक्रम करने से नहीं होता है बल्कि अन्नविष के लिये पृथक् रूप से अन्नविष का पृथक् उपक्रम करना आवश्यक है। अतः उपर्युक्त दोषप्रकोप स्वतन्त्र नहीं बल्कि परतन्त्र ही है स्पष्ट होता है।

वर्णित दोनों संकल्पनाओं के परिप्रेक्ष्य में सूक्ष्म विचार करने पर ऐसा निष्कर्ष प्राप्त होता है कि सन्निपात में प्रायः स्वतन्त्र एवं परतन्त्र दोनो प्रकार से दोषप्रकोप होता है। किसी भेद में दोनों मिलकर प्रकोप होता है– जैसे सन्निपात के द्वादश भेद। तो किसी भेद में तीनों दोष स्वतन्त्र रूप से युगपत् प्रकुपित होते दृष्टिगोचर होते हैं– जैसे समसन्निपात ज्वर।

उपर्युक्त विस्तृत विवेचन का अभिप्राय चिकित्सा व्यवहारसौकर्यता ही है। यदि दोषप्रकोप किस प्रकार हुआ है यह ज्ञान वैद्य व्याधि की पूर्वरूपावस्था में ही प्राप्त करता है, तो पश्चात चिकित्सा सुलभ हो जाती है।

<u>चिकित्सात्मक विवेचन</u>

सन्निपातज ज्वर के वर्णित त्रयोदश भेदों में समसन्निपातज ज्वर एक है तथा अन्य द्वादश भेद विषम सन्निपातज है अर्थात् तीनों दोष समान रूप में प्रकुपित नहीं होते हैं। यहां चिकित्सा का विचार सम्पूर्णरूप से विकृतिविषमसमवाय से आरब्ध सन्निपातज ज्वर के परिप्रेक्ष्य में किया जायेगा। यद्यपि प्रकृतिसमसमवाय द्वारा आरब्ध त्रिदोषज ज्वर की चिकित्सा तो यथादोष करना युक्तिसंगत दृष्टिगोचर होता है, अतः यहां वर्णित समसन्निपातज ज्वर भी विकृतिविषमसमवाय द्वारा आरब्ध है। सन्निपातज ज्वर की चिकित्सा में महत्वपूर्ण तत्व यह है कि, सर्वप्रथम वह सन्निपात समसन्निपात है अथवा विषमसन्निपात है इसका निर्धारण उस विशिष्ट भेद के वर्णित हेतु एवं लक्षणों के द्वारा करना। यदि विषमसन्निपात है तो उस सन्निपात को सर्वप्रथम समसन्निपात में रूपान्तरित करना ही चिकित्सा का ध्येय है। इस हेतु प्रथमतः विषमसन्निपात के चिकित्सासूत्र पर विचार करना आवश्यक है। विषमसन्निपात की अवस्था में उसे समसन्निपात में रूपान्तरित करना अर्थात् दोषों को समारूप में लाना ही ध्येय है। समसन्निपात में परिणत करने हेतु निम्न प्रकार से विश्लेषण दृष्टिगोचर होता है।

वर्धनेन एकदोषस्य क्षपणेनोच्छितस्य च।
कफस्थानानुपूर्व्या च सन्निपातज्वरं जयेत्।।

च.चि. 3/286

1) वर्धनेन एकदोषस्य– इसका तात्पर्य यह है कि यदि तीन दोषों में एक दोष वृद्धतर अवस्था में है, तथा दूसरा दोष वृद्धतम अवस्था में है एवं तीसरा दोष क्षीण अवस्था में है तो तीसरे दोष का वर्धन करने वाला तथा अन्य दो दोषों का क्षपण अर्थात् ह्रास करने वाला द्रव्य प्रयुक्त करना इसे ''वर्धनेन एकदोषस्य'' संज्ञा से जाना जाता है। जैसे– यदि विषमसन्निपात होता है जिसमें कफ वृद्ध है एवं वातपित्त वृद्धतर हैं इस परिप्रेक्ष्य में कफ को अधिक वृद्ध करना (बढाना) ध्येय है। इस अवस्था में ऐसा भेषज प्रयोग हेतु उचित है जो कफ को अधिक बढायें एवं अन्य वृद्धतर वातपित्त को भी स्वप्रमाण से कम करें। मधुर ऐसा भेषज है जो न केवल वृद्धतर वात एवं पित्त दोषों को प्रशमित करेगा अपितु युगपत् ही वृद्ध कफ को भी अधिक

बढायेगा। इस प्रकार से तीनों दोष प्रमाण में सम हो जायेंगे तथा समसन्निपात की अवस्था प्राप्त हो जायेगी। अतः इस प्रकार से व्युल्बण दोषारब्ध 3 सन्निपात तथा हीन्–मध्य–अधिक दोषारब्ध ऐसे 6 ऐसे कुल मिलाकर 9 सन्निपातों की चिकित्सा इस सिद्धान्त द्वारा निर्दिष्ट की गई है।

2) क्षपणेन उच्छितस्य वा– इसका अभिप्राय यह है कि यदि किसी सन्निपात में एक दोष वृद्धतम अवस्था में है एवं अन्य दो दोष मन्दावस्था में अथवा हीन अवस्था में हैं तो इस अवस्था में वृद्धतम दोष का क्षपण अर्थात् ह्रास करने वाला तथा अन्य दो हीन दोषों का वर्धन करने वाला द्रव्य प्रयुक्त करना इसे ''क्षपणेन उच्छितस्य वा'' संज्ञा से जाना जाता है। क्योकि वृद्धतम दोष की यदि मोहवश चिकित्सा न कर उपेक्षा की जाती है तो वह सद्योमारक सिद्ध होता है अतः वृद्धतम दोष का क्षपण करना अतिमहत्वपूर्ण है। जैसे– वातोल्बण पित्तकफमन्दर सन्निपात में सर्वप्रथम वात का क्षपण करना ध्येय है, वात का क्षपण करने निमित्त बृंहण चिकित्सा अपेक्षित है क्योंकि बृंहण ही वात एवं पित्त के लिये शमन उपक्रम है। अतः उपर्युक्त सिद्धान्त द्वारा एकोल्बण तीन सन्निपात की चिकित्सा निर्दिष्ट की गई है।

3) समसन्निपातज्वर चिकित्सा– अन्ततोगत्वा विषमसन्निपात को समसन्निपात में रूपान्तरित करने के पश्चात समसन्निपात ज्वर की चिकित्सा निम्न प्रकार से करना शास्त्रसंगत एवं युक्तिसंगत दृष्टिगोचर होता है।

कफस्थानानुपूर्व्या वा सन्निपातज्वरं जयेत्।

च.चि. 3/286

कफस्थान को प्रथमतः जीतकर पश्चात अन्य चिकित्सा करना अभिप्रेत है। ''कफस्थान'' शब्द को जितना है ऐसा प्रत्यक्ष रूप से न कहकर कफस्थान को जितना ऐसा प्रयोग करने का अभिप्राय यह है कि कफदोष जिस प्रदेश में अवस्थित है ऐसा आमाशय प्रदेश जो ज्वर के आरम्भक दोषों द्वारा दुष्ट है उसका चिकित्स्यत्व (चिकित्सा का मुख्य विषय) दृष्टिगोचर करना है। आमाशय को इस प्रकार से जीतने हेतु लंघन–पाचनादि क्रियाओं के द्वारा ही प्रथम चिकित्सा करनी है। यद्यपि यह निर्दिष्ट लंघनपाचनादि क्रिया तो सर्वप्रकार के ज्वरों की साधारण चिकित्सा है तो फिर सन्निपातज ज्वर की चिकित्सा में एवं अन्य सन्निपात भेदों की चिकित्सा में विशेष अन्तर यह है कि सन्निपात ज्वर में अन्य बलवत्तर वातदोष की पूर्व में चिकित्सा करना अभिप्रेत नहीं है जैसे कि बाकी सन्निपात भेदों में वात का उपक्रम प्रथम करने का विधान है। सन्निपात ज्वर में तो प्रथम आमकफ का ही उपक्रम करना है एवं श्लेष्मा क्षीण होने के पश्चात पित्त को प्राथमिता प्रदान की है। इसका अभिप्राय ऐसा कदापि नहीं है कि आचार्य चरक एवं आचार्य सुश्रुत दोनों के विचारों में मतभेद हैं। इसका विश्लेषण इस प्रकार से किया जाना तर्कसंगत है कि आचार्य चरक द्वारा वर्णित क्रम ज्वर की नवावस्था यदि दृष्टिगोचर होती है तो उस अवस्था में उपदिष्ट है तथा आचार्य सुश्रुत द्वारा वर्णित क्रम जीर्ण सन्निपात की अवस्था में यदि रूग्ण आता है तो उस अवस्था में प्रयोग करना युक्तिसंगत है। आचार्य चरक मुख्यतः कायचिकित्सक थे उनके समीप प्रायः कायचिकित्सा के व्याधि से ग्रस्त रूग्ण चिकित्सार्थ प्रारम्भावस्था में ही आते थे किन्तु आचार्य सुश्रुत तो शल्यसमप्रदाय के आचार्य थे उनके पास रूग्ण कोई कायचिकित्सक वैद्य

उपलब्ध ही नहीं है उसी अवस्था में चिकित्सार्थ उपस्थित होते थे एवं उस समय पर्यन्त शरीर में वातपित्त दोषों का अधिक्य एवं कफ की मन्द अवस्था उत्पन्न होती थी अतः आचार्य सुश्रुत ने इसी अवस्था के अनुरूप क्रम उपदिष्ट किया है। दोनों आचार्यों का वर्णित क्रम सटीक एवं पूर्णतः योग्य है। अवस्थाविशेष का सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर इस विषय को समझना एवं तदनुसार चिकित्सा में प्रवृत्त होना अत्यन्त आवश्यक है।

<u>विमर्श एव निष्कर्ष</u> – सन्निपातज ज्वर की चिकित्सा में प्राथमिक उद्देश्य यह है कि यह उत्पन्न सन्निपात समसन्निपात है अथवा विषमसन्निपात है इसका सम्यक् निर्धारण करना। इस निर्धारण के निमित्त हेतुविचार एवं लक्षणविचार ही मुख्य आधारशिला है जिनके माध्यम से ही यह सम्यक् निर्धारण सम्भव है। यदि विषम सन्निपात की अवस्था निर्धारित हो जाती है तो उस अवस्था में प्राप्त दोषों को समसन्निपात की अवस्था में पुनः रूपान्तरित करना मुख्य ध्येय है। इसके लिये 'वर्धनेन एकादोषस्य' तथा ''क्षपणेन उच्छितस्य वा'' इन दो सिद्धान्त मुख्य आधारस्वरूप है। समसन्निपात अवस्था को प्राप्त दोषों की चिकित्सा विषमसन्निपात की तुलना में सुगम होती है। आधुनिक शास्त्र भी कहता है कि विषम ज्वर को प्रथम continuous fever में रूपान्तरित करना आवश्यक है। समसन्निपात की अवस्था प्राप्त होने पर उसकी आम निरामादि अवस्थाओं का निर्धारण अत्यन्त आवश्यक है। यद्यपि ज्वर सन्निपातज है तथापि उसका भी शरीर में अनुगमन इन अवस्थाओं से ही होता दृष्टिगोचर होता है।यदि आम अवस्था दृष्टिगोचर होती है तो आचार्य चरकोक्त क्रम कफ–पित्त एवं अन्त में वात इस प्रकार चिकित्सा करना युक्तिसंगत है। यदि निराम अथवा जीर्ण अवस्था दृष्टिगोचर होती है तो आचार्य सुश्रुतोक्त क्रम अर्थात् प्रारम्भ में पित्त दोष का उपक्रम एवं उसके पश्चात अन्य दोषों की शान्ति करें। अतः इस प्रकार सन्निपातज ज्वर की चिकित्सा का विवेचन किया गया है। यद्यपि सन्निपातज तथा त्रिदोषज ये दो भिन्न अवस्थायें आचार्य द्वारा वर्णन कर इनको पृथक् किया गया है तथापि इन उभय अवस्थाओं की चिकित्सा में विशेष अन्तर दृष्टिगोचर नहीं होता है। दोनों अवस्थाओं की चिकित्सा आम–पच्यमान एवं पक्का अवस्थाओं के अनुरूप ही उपक्रम करना तर्क एवं युक्तिसंगत दृष्टिगोचर होता है।

<u>संदर्भ</u>

1. दोषधातुमलामूलं सदा देहस्य... । अ.हृ.सू. 11/1
2. सर्व एव निजा विकारा नान्यत्र वातपित्तकफेभ्यो निर्वर्तन्ते। च.सू. 19/5
3. देहेन्द्रियमनस्तापी सर्वरोगाग्रजो बली।
ज्वरः प्रधानो रोगाणामुक्तो भगवता पुरा।।
च.चि.3/4
4. सन्निपातो दुश्चिकित्स्यानाम्। च.सू. 25/40
5. च.नि. 1/17
6. सु.उ. 39/35–37
7. सर्वजे सर्वलिंगानि..... । सु.उ. 39/38
8. प्रकृत्या हेतुभूतया समः कारणानुरूपः समवायः कार्यकारणभावसम्बन्धः प्रकृतिसमसमवायः, कारणानुरूपं कार्यमित्यर्थः, यथाशुल्कतन्तुसमवाया रब्धस्य पटस्य शुल्कत्वम्। मधुकोष मा.नि. 2/14
9. मधुकोष व्याख्या मा.नि. 2/14
10. विकृत्या हेतुभूतया विषमः कारणानुरूपः समवायो विकृतिविषमसवायः, यथा हरिद्रा–चूर्ण

संयोगजं लौहित्यम् इति। मधुकोष मा.नि. 2/14

11. विकृतिविषमसमवायारब्धात्वं चैषां केवलवातिकपैत्किज्वरलक्षणानां मध्ये केषांचिदेव नियमेन पाठात्तदतिरिक्त लक्षणपाठाच्च बोद्धाव्यम्। यथा– अत्रैव वातपैत्तिकेऽरूचि रोमहर्षौ, वक्ष्यमाण वातश्लैष्मिके स्वेदः सन्तापश्च एवं कफपैत्तिके अनवस्थिशीतदाहौ एवं सन्निपातजे सान्नकलुषादि नेत्रत्वशिरोलोठनादि। मधुकोष व्याख्या मा.नि. 2/14

12. सन्निपातज्वरर्ध्वमिति यत्रोर्ध्वशब्देनाधि–कवाचिना प्रकृतिसमसमवायारब्धसन्निपातज्वरा–द्यान्यधिकानि विकृतिविषमसमवायारब्धज्वरस्य लक्षणानि, तानि वक्ष्यामि इत्यर्थं इति केचित् व्याख्यानयन्ति। चक्रपाणि च.चि. 3/89

13. द्विधा स्वपरतन्त्रत्वात्..... ।अ.हृ.सू. 12/59

14. स्वतन्त्रो व्यक्तलिंगो यथोक्तसमुत्थाननप्रशमो भवत्यनुबन्ध्यः। च.वि. 6/11

15. यथास्वजन्मोपशयाः स्वतन्त्राः स्पष्टलक्षणाः। अ.हृ.सू. 12/60

16. प्रकृतिसमसमवायारब्धे तु वातजादिज्वरलिं गन्येव समस्तानि कतिपयानि वा भवन्ति।...अतएव.. चरको..निदानस्थानोक्त वातादिज्वरलिंगातिदेशेन प्रकृतिसमसमवेतानां द्वन्द्वसन्निपातज्वरानां लक्षणम् उक्तवात्। मधुकोष मा.नि. 2/14

17. तद्विपरीतलक्षण इति अनेन अव्यक्तलिंगो अस्वहेतुप्रकुपितः परचिकित्साप्रशमनीयश्चानुबन्धः इति लभ्यते। चक्रपाणि च.वि. 6/11

18. .....घोरमन्नविषं च तत्। संसृज्यमानं पित्तेन दाहं तृष्णां मुखामयान्।।
जनयत्यम्लपित्तं च पित्तजांश्चापरान् गदान्। यक्ष्मपीनसमेहादीन् कफजान् कफसंगतम्।।... च. चि. 15/46–49

19. व्युल्वणैकोल्बणैः षट् स्युर्हीनमध्याधिकैश्च षट्। समैश्चैको विकारास्ते सन्निपातास्त्रयोदश।।
च.सू. 17/41

20. वर्धनेन एकदोषस्य इत्यनेन वृद्धतर वृद्धतमदोषद्वय क्षपणकेन एकदोषवर्धनेन। चक्रपाणि च.चि. 3/286

21. अतश्च वर्धनेन एकदोषस्य इत्यनेन व्युल्बगानां त्रयानां तथा हीनमध्याधिकानां दोषाणां सन्निपातानां चिकित्सा उक्ता।
चक्रपाणि च.चि. 3/286

22. क्षपणेन एकदोषस्य इत्यनेन च क्षीणद्वय संवर्धकमपि यन्महात्ययवृद्धतमदोषक्षयकरं भवति, तभ्देषजं कर्तव्यं। चक्रपाणी च.चि. 3/286

23. वृद्धतमो हि अप्रतिकृतः सद्यो हन्ति। चक्रपाणि च.चि. 3/286

24. बृंहणं शमनं त्वेव वायोः पित्तानिलस्य हृ.सू. 14/7

25. अनेन एकोल्बणास्त्रयः सन्निपाता–श्चिकित्सताः। चक्रपाणी च.चि. 3/286

26. ज्वरो ह्यामाशयसमुत्थः। च.वि. 3/40

27. वातस्यानु जयेत् पित्तम् पित्तस्यानु जयेत् कफम्।
त्रयानां वा जयेत् पूर्वं यो भवेत् बलवत्तमः।।
च.चि. 19/122

28. सन्निपातज्वरे पूर्वं कुर्यादामकफापहम्।
पश्चात् श्लेष्मणि सक्षींणे शयमेत् पित्तमारूतौ।।
चक्रपाणि च.चि. 3/286

29. शमयेत् पित्तमेवादौ ज्वरेषु समवायिषु।
दुर्निवारतरं तद्धि ज्वरार्तेषु विशेषतः।।
सु.उ. 39/295

THERAPEUTIC USES OF *MANDURA* BHASMA (A CRITICAL REVIEW)

• *Dr. Sachin Mulik, **Dr. Rekha Chaturvedi, ***Prof. C.B.Jha

Abstract:- Metals and minerals are used in Ayurvedic therapeutics since pre-vaidic period. Earliar their use, was very much limited because processing technologies were not developed. Rasa vaidyas worked hard, for developing methods of pharmaceutical procedures of metals and minerals. Various methods of *shodhan* and *marana* were introduced. *Mandura* is used in ayurvedic therapeutics since *samhita kala*. With the development of *Ras Shastra* processing technologies of *Mandura* developed and use of *Mandura bhasma* in many formulations was started to treat various ailments. It is important for treating *Shopha, Kamala, Pandu, Krimi, Arsha, Grahani, Pliharoga, Shosha, and Amavata.* It is said to be more suitable for children.

Key Words:- *Mandura,, Shodhana, Marana, Pandu, Jwara.*

Introduction:- Disease is one of the important factors causing hindrance in pleasure and happiness of life. Man identified many things from his surroundings which were used as Medicines, a tool in eliminating and preventing diseases. History of medicine dates back practically to the existence of human civilization. Literary studies indicates that natural products, including plants, animals and minerals have been the basis of treatment of human diseases. The study of Ancient Ayurvedic literature reveals that the uses of metals/minerals have begun in 7th Century BC and before this, treatment of diseases was mainly done with herbal medicines[1]. Development of sophisticated processing techniques lead to frequent use of metals/minerals in therapeutics and their innate properties like small dose, quick action and longer shelf life made them backbone of Ayurvedic therapeutics. According to Ayurvedic doctrine, health is maintained due to equilibrium of *Tridoshas* (*Vata*, *Pitta and Kapha*). This equilibrium is lost in diseased condition. Medicines of herbal, animal or metal-mineral origin used in various forms are equally efficient in checking this imbalance. *Mandura*, Iron containing compound has been in practice since antiquity in treatment of many ailments either as single or compound preparation with other herbo-mineral drugs. In present article effort is made to compile effective formulations of *Mandura* from different Ayurvedic literatures and to present it in classified way.

Origin and occurrence:- Rasa Shastra classics have mentioned that after severe heating of *Loha on fire*, when it is hammered some parts are separated. These separated parts after many years turn into *Mandura*[2]. *Mandura* is the by-product of the metallurgical process during extraction of Iron (Fe) and Copper (Cu)

*M.D. scholar, Deptt. of Rasa Shastra, B.H.U., Varanasi
** Lecturer, Dept. of Rasa Shastra, Vaidya Yagya Datta Sharma Ayurveda Mahavidyalaya, Khurja, Bulandshahara
*** Head, Deptt. of Rasa Shastra, B.H.U., Varanasi .

from their respective ores. It occurs as lumps or aggregates at the areas where smelting activity is carried out for the extraction of Iron.[3]

Table 1:- *Mandura* at a glance

1.	Synonyms[4]	Ayomala, Lohakitta, Lohamala, Lohasinhanika, Sinhan, Lohaniryasa, Ayashishta, Malodbhava, Ayoraja, Shastrachurna.
2.	Chemical Name	Iron oxide
3.	Varna	Krishna
4.	Acceptable qualities[5]	Non porous, heavy, unctuous, hard and more than 100 years old Mandura should be used for pharmaceutical purposes.
5.	Types[6]	1. Mundakitta, 2.Tikshnakitta 3.Kantakitta
6.	Shodhana	1. Nirvapa in Gomutra for 7/8/21 times[7] 2. Nirvapa in Triphala kwatha prepared in Gomutra for 21 times[8]
7.	Marana	1.Triturated in Triphala kwatha and subjected to Puta for 30 times[9] 2.Triturated in Ghrita Kumari Swarasa and subjected to Puta for 7 times[10].
8.	Guna[11]	Rasa Kashaya; Vipaka- Katu; Virya- Sheeta; Guna- Ruksha, Laghu.
9.	Vyadhi Prabhava[12]	Shopha, Kamala, Pandu, Krimi, Arsha, Grahani, Pliharoga, Shosha, and Amavata. It is said to be more suitable for children. (Balanamati shasyate).
10.	Dose[13]	30 mg - 250 mg
11.	Anupana[14]	Punarnavashtaka kwatha, Dashmula kashaya

Discussion:- *Mandura*, Iron containing compound has been the focus for the development of a wide range of therapeutics in Ayurvedic classics since *Samhita* period. Initially during *Samhita* period pharmaceutical

Table No. 2. Anupana of Mandura in different diseases[14]

Sr. No.	Anupana	Disease
1	Punarnavashtaka kwatha	Sarvanga shopha, ruja
2	Kutaki, triphala, haridra churna	Kamala
3	Vidanga, triphala, panchakola	Arsha, grahani, pliha, pandu
4	Rasa sindura(for 1 month)	Raktavriddhikara param
5	Dashmula kashaya	Shotha, Jwara Panduroga with atisara

Table 3: Formulations containing *Mandura bhasma* and their indications

S.N.	Formulation	Ingredient Metal/mineral	Herbs	Processed in	Indication	Ref.
1	*Agnimukha Mandura*	*Mandura bhasma*	*Panchkola, Devadaru, Musta, Trikatu, Triphala, Vidang*	*Gomutra*	*Shotha, Pandu*	*B.R.42/109-111*
2	*Chatusam Mandura*	*Shuddha Mandura*	-	*Goghrita, Madhu, Sita*	*Shool, Jwara, Kasa, Agnimandya, Prameha*	*B.R.30/169-170*

3	*Chavikadi Mandura*	*Mandura bhasma*	*Chavya, Pippalimool Shunthi, Pippali, Yavakshar*	*Godugdha*	*Parinamashool*	*ChakradattaPP-184*
4	*Guda Mandura*	*Shuddha Mandura*	*Amalaki, Haritaki*	*Madhu,Ghrita,Guda*	*Parinama shool,Amlapitta*	*B.R.30/194-196*
5	*Kamalantak lauha*	*Loha, Abhraka, Mandura, Vanga bhasma*	*Trikatu,Gajpippali, Daruharidra,Chavya, Yamanika,Chitraka, Triphala,Kayaphala, Rasna,Devdaru, Rasanjan*	*Bhringraj,Somraj, Mandukparni swarasa*	*Kamala,Pandu, Halimak,Kasa, Shwasa Parinamshool*	*B.R.12/44-51*
6	*Koladi Mandura*	*Mandura bhasma*	*Chavya,Pippalimool Shunthi ,Pippali, Yavakshar*	*Gomutra*		*ChakradattaPP-183*
7	*Mandura Parpati*	*Mandura bhasma*		-	*Atisaar,Pravahika, Grahani*	*Siddha Yoga Samgraha PP-35-36*
8	*Mandura vatak*	*Mandura, Swarna Makshika bhasma*	*Trikatu, Triphala, Musta,Vidang, chitrakmool, Daruharidra, Devadaru, Pippalimool*	*Gomutra*	*Pandu,Kushtha, Ajirna,Arsha, Prameha,Shotha, Urustambha Sangrahani,*	*Charak Chikitsa 16/73-77*
9	*Panchamrit loha mandura*	*Tamra, Abhraka Loha, Mandura bhasma, Shuddha Parada, Gandhaka*	*Trikatu,Triphala, Musta,vidang, chitraka,Devdaru, Haridra,Chavya, Dhanyaka,Shati*	*Gomutra, Punarnava kwatha*	*Pandu,Kamala, JirnJwara, Pliha Udara Pandu, Kushtha, Arsha, Visham*	*B.R.12/52-58*
10	*Punarnava Mandura*	*Mandura Churna*	*Punarnava,Trivrit, Trikatu, Vidang, Chitrak ,Devdaru, Kushtha, Haridra, Daruharidra,Chavya, Triphala, Danti, Musta Indrayav, Pippaimool*	*Gomutra*	*Jwara, Pliha, Krimi Shotha*	*Charak Chikitsa 16/93-96*
11	*Ram Mandura*	*Mandura bhasma*	*Vashira, Guduchi, Bala, Apamarga*	*Gomutra*	*Amlapitta, Parinam Shool*	*Chakradatta PP-185*
12	*Rasa Mandura*	*Mandura bhasma, Shuddha Parada,*	*Haritaki,*	*Bhringraja swarasa*	*Kapha-Pitta vyadhi, Parinam shool, Amlapitta*	*Chakradatta PP-185*
13	*Shatavari mandura*	*Mandura bhasma Gandhaka*	*Shatavari swarasa*	*Dadhi, Godugdha, Goghrita*	*Parinamshool*	*Chakradatta PP-184*
14	*Sudhanidhi Rasa*	*Mandura bhasma*	*Dhanyak,Musta, Shunthi, Saindhav lavana*	*Gomutra, Punarnava, Bhringaraj, Nirgundi Patra,Mandukparni swarasa*	*Kamala, Jwara, Shotha,Grahani, Pandu*	*B.R.42/105-108*
15	*Tara mandura guda*	*Mandura bhasma*	*Vidang,Chavya, Chitrak,Triphala, Trikatu*	*Gomutra, Guda*	*Parinamshool, Kamala, Pandu,Krimi, Grahani, Amlapitta*	*ChakradattaPP-184*
16	*Triktrayadi lauha*	*Mandura, Kanta loha bhasma*	*Triphala,Trikatu, Vidang,Chitraka*	*Madhu, Ghrita*	*Amlapitta, Shool Parinamshoola, Pliha,Kamala*	*B.R.12/38-43*
17	*Tryushanadya mandura*	*Mandura, Swarna Makshika bhasma*	*Trikatu,Triphala, Musta, Vidang, Chavya, Chitrak, Daruharidra,*	*Gomutra*	*Pandu,Kushtha, Arsha,Prameha, Shotha*	*Chakradatta PP-82*
18	*Vajra vatak mandura*	*Mandura bhasma*	*Devdaru,Pippalimool Panchakola, Marich, Devadaru, Triphala, vidang, Musta*	-	*Panduroga, Mandagni, Aruchi, Arsha, Grahani*	*B.R. 12/59-64*

processing of *Mandura* was limited up to *Shodhana* only and it was used in *Churna* (Powder) form. In *Rasa Shastra* texts of post *Nagarjuna* era, detailed description about identification, vaerities, physical properties, *Shodhana, Marana*, therapeutic uses in the form of *bhasma* alone or with other herbo-minerals drugs are described. By virtue of *Rasa* and *Guna* it pacifies aggravated *Pitta* and maintains the normalcy, improves the *Agni* responsible for proper digestion and metabolism. Since it contains Iron, an essential element for Hemoglobin synthesis, it is primarily used in *Panduroga* (Anemia) and its complications like *Shopha, Agnimandya* etc. Present study reveals *Mandura* is having high therapeutic properties and numbers of formulations are described in context of treatment of diseases like *Panduroga, Kamala, Parinamshool, Mandagni, Shotha, Grahani* etc in Ayurvedic literature. It is said to be more suitable for children.

Conclusion:- Drugs of Metal-Mineral origin are effective in small doses and have wide range of therapeutic efficacy in acute, chronic as well as dreadful diseases. *Mandura* is an Iron containing compound having ample therapeutic application. Looking in to the diversified actions, it can be concluded that, *Mandura* and its preparations are vital in treating *Panduroga* (Anemia) and its complications like *Shopha, Agnimandya* etc.

References

1. Use of metals in Ayurvedic medicine, Bhanu Prakash, Indian Journal of History of Science ,32 (1), 1997.
2. Upadhyay Madhav, Ayurveda Prakash, 3/233, Arthvidyotini commentary by Gulraj Sharma Mishra, Chaukhambha Bharati Academy, Varanasi, Reprint 2007.
3. Ayurvedic Pharmacopoeia of India, Part 1, Volume 7, PP-25.
4. Sharma Sadananda, Rasa Tarangini, 20/130, Motilal Banarasidas Publication, Varanasi, Reprint 2009.
5. Upadhyay Madhav, Ayurveda Prakash, 3/289, Arthvidyotini commentary by Gulraj Sharma Mishra, Chaukhambha Bharati Academy, Varanasi, Reprint 2007
6. Upadhyay Madhav, Ayurveda Prakash, 3/287-290, Arthvidyotini commentary by Gulraj Sharma Mishra, Chaukhambha Bharati Academy, Varanasi, Reprint 2007.
7. Vagbhatta, *Rasa Ratna Samuchchya*, Panchmoadhyayah 5/150, commented by Kulkarni D.A. 3rd edition,Mehar Chand Lachman Das, Delhi. 1982.
8. Vagbhatta, *Rasa Ratna Samuchchya*, Panchmoadhyayah 5/151-152, commented by Kulkarni D.A. 3rd edition,Mehar Chand Lachman Das, Delhi. 1982.
9. Sharma Sadananda, Rasa Tarangini, 20/129-131, Motilal Banarasidas Publication, Varanasi, Reprint 2009.
10. Yadavji Trikamji, Rasamrita 3/149, English translation by Dr. Damodar Joshi, Chaukhambha Sanskrita Bhavan, 1st Edn.1998.
11. Upadhyay Madhav, Ayurveda Prakash, 3/287-290, Arthvidyotini commentary by Gulraj Sharma Mishra, Chaukhambha Bharati Academy, Varanasi, Reprint 2007.
12. Sharma Sadananda, Rasa Tarangini, 20/132-34, Motilal Banarasidas Publication, Varanasi, Reprint 2009.
13. Sharma Sadananda, Rasa Tarangini, 20/132, Motilal Banarasidas Publication, Varanasi, Reprint 2009.
14. Sharma Sadananda, Rasa Tarangini, 20/132-34, Motilal Banarasidas Publication, Varanasi, Reprint 2009.

"POST OPERATIVE PAIN MANAGEMENT IN FISTULA IN ANO-AN AYURVEDIC APPROACH"

• *Dr.Siddaram Arawatti, **Dr.Yogesh Pande, ***Dr.Murthy Seema, ****Dr.M.K.Shringi, *****Dr Y.P.Shyamarao

ABSTRACT

Pain is a natural sequel of every surgical procedure. The ability to alleviate post-operative pain is one of the most noteworthy goal for Surgery, and it is a natural sequel of every Surgical procedure. In case of anorectal (fistula in ano) operation there will be movement of operative site during defecation. So the patient experiences agonizing pain in the wound, which become worse and may persist for long time. To manage this advanced surgical interventions of modern era have to rely on the analgesics which are not safe and satisfactory. In Sushruta samhita chikitsasthan 2/48, there is a reference of Yashtimadhu yoga, as a vedanasthapana. Hence a controlled clinical study was planned to evaluate the efficacy and magnificent role of Yashtimadhu yoga in post-operative pain. Study reveals, significant benefit by the trial drug to reduce post operative pain with a p-value of <0.01.

KEYWORDS - *Post-operative pain, fistula in ano, Gudagata vikara, yashtimadhu yoga.*

INTRODUCTION:- Pain has been man's greatest discomfort at all time; the ability to alleviate post operative pain is one of the most noteworthy goals for anesthesiologists. The management of unavoidable pain after operation has not so far received the concerned attention of research workers or clinicians to such an extent that the problem can be considered immediately soluble, there is more demand for traditional method. When opiate drugs are administered, they are also associated with systemic side effects apart from social problem of addiction. On the other hand respiratory depression leading to ventilatory inadequacy is a distinct possibility with their uses.

NSAIDS have their own side effects, it can precipitate asthma in sensitive patient, gastric erosion and later on ulceration in duodenum and stomach which can lead to haematemesis and malaena etc. Keeping in view the above facts the present clinical study was conducted with an indigenous compound 'yashtimadhu yoga' as a trial drug.

AIMS & OBJECTIVES:-

- To find out the efficacy of Yashtimadhu yoga in post operative pain management.
- To compare the results with the control group treated with Triphala Guggulu.

*M.S.(Ayu), Ph.D Scholar., Deptt. of Shalya, N.I.A. Jaipur
**MS (Ayu), Ramakrishna Mission Hospital, Shivala, Varanasi
***P.G.Scholar. NKJ Ay. Medical College, Bidar, Karnataka.
****H.O.D. Shalya Tantra. N.I.A. Jaipur
*****Rtd.Principal NKJ Ay. Medical College, Bidar, Karnataka.

MATERIALS & METHODOLOGY:-

- Raw materials required for the preparation of yastimadhu yoga, were collected from college pharmacy Bidar and got authentified from experts.
- The patient who have undergone the fistulotomy and fistulectomy operation under local anaesthesia, were selected from N. K. J. Ayurvedic Medical College attached to Sri Siddharudh Charitable Hospital, Bidar, Karnataka.

METHODOLOGY:- Preparation of Drug:- The trial drug used in the form of ksheer paka, prepared by standard method as mentioned in texts. Yashtimadhu yoga composed by five drug i.e. yastimadhu, laksha, gokshuru, eranda and sharkara, all the drugs are powdered and ksheer paka is prepared by authentic method 1:8:32 (drugs: milk: water) ratio.

Method of Collection of Data:- Total 30 patients who had undergone the fistulotomy and fistulectomy operation under local anaesthesia, were randomly selected by inclusion and exclusion criteria and equally divided in two groups.

Group-I (Trial Group) - treated with yashtimadhu yoga 25 ml orally twice a day after one hour of surgery.

Group-II (Control Group) treated with Triphala guggulu 1000 mg orally twice a day after one hour of surgery.

They are evaluated on the basis of proforma prepared specifically for the study.

Observation Period: It was up to 3 days, the assessment of pain will be done on 1st day, 2nd day, and 3rd day.

Inclusion Criteria:-

i. Patient age above 20 years.
ii. Both male and females
